इलायची का उत्पादन

3322. **श्री अजीत जोगी :**
श्री आनन्द प्रकाश गौतम :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अन्य देशों की तुलना में भारत में इलायची का उत्पादन बहुत कम है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं; और

(ग) मध्य प्रदेश में कुल कितने क्षेत्र में इलायची की खेती की जाती है ?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री के अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) भारत वर्ष 1979-80 तक इलायची (छोटी) का विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक था । परिस्थिति अब बदल गई है और ग्वाटेमाला विश्व का अग्रणी उत्पादक हो गया है । यह एक तथ्य है कि भारत में इलायची का उत्पादन अब ग्वाटेमाला के उत्पादन से बहुत कम है ।

(ख) भारत में इलायची के उत्पादन और उत्पादकता में गिरावट के मुख्य कारण निम्नलिखित हैं :—

(1) इलायची उगाने वाले क्षेत्र में बार-बार सूखा पड़ना ।

(2) पुरानी लताएं

(3) कीड़ों और बीमारियों की समस्या ।

(4) इलायची भारत में एक अंत: फसल है और इसलिए उपजकर्ता इस पर अधिक ध्यान नहीं देते हैं ।

स्पाइसेज बोर्ड इसकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रहा है जिनमें मुख्य रूप से सिंचाई, पुनरोपण, और मृदा संरक्षण तथा रोग नियंत्रण पर दिया गया है ।

(ग) इलायची मुख्यत: केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में उगाई जाती है । मध्य प्रदेश में इलायची की खेती वाणिज्यिक आधार पर नहीं की जाती है ।

सोयाबीन का निर्यात

3323. **श्री अजीत जोगी :**
श्री आनन्द प्रकाश गौतम :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सोयाबीन और उसके उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या मध्य प्रदेश में सोयाबीन का सर्वाधिक उत्पादन हुआ है, परन्तु निर्यात पर प्रतिबंध के कारण किसानों को इससे लाभ नहीं हुआ है ?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) से (ग) अप्रैल, 1992 से लेकर फरवरी, 1993 तक की अवधि के दौरान अनुमानत: 834.07 करोड़ रुपए मूल्य के 13,81,521 मी. टन सोयाबीन निस्सारण का निर्यात किया गया है ।

स्रोत: सी सी ओ आफ़ (सोपा) एस ओ पी ए, आदि ।

(घ) निर्यात के लिए प्रतिबंधित मदों की सूची में सोयाबीन और उसके उत्पाद शामिल नहीं हैं ।